# UP News Today LIVE: पीएम मोदी ने किया 84 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, कहा- दुनिया जिस भरोसेमंद साथी को तलाश रही है उस का सामर्थ्य सिर्फ भारत के पास

Fri, 03 Jun 2022 03:19 PM (IST) |







LIVE UP Breaking News Today Updates in Hindi: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचकर योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी भी देखी।

## HighLights

1. उत्तर प्रदेश की 11 राज्य सभा सीटों के लिए दस जून को होगा चुनाव
2. ज्ञानवापी मस्जिद में मिले शिवलिंग की चार जून को पूजन-अर्चन करेंगे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद
3. यूपी इन्वेस्टर्स समिट में देश के नामी उद्योगपति शामिल हुए

लखनऊ, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ किया। प्रदेश के 75 जिलों में इस सेरेमनी का एक साथ लाइव प्रसारण किया गया। यूपी इंवेस्टर्स समिट 3.0 में पीएम मोदी 80 हजार करोड़ की औद्योगिक परियोजनाओं की नींव रखी। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडाणी समूह के अध्यक्ष और एमडी गौतम अदाणी, आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी संजीव पुरी, हीरानंदानी ग्रुप के एमडी निरंजन हीरानंदानी, जिंदल ग्रुप के चेयरमैन और एमडी सज्जन जिंदल मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के गांव परौंख जाएंगे। यहां वो जनसभा को संबोधित करेंगे।